an>

Title: Need to provide land lying unutilized with Forests and Railway Departments to landless labourers for farming.

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान भूमिहीन व खेतिहर मज़दूरों की दयनीय अवस्था की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ। पूरे उत्तर प्रदेश के अन्दर भूमिहीनों व खेतिहर मज़दूरों की बहुत बड़ी तादाद है जिस कारण उनके समक्ष रोज़ी-रोटी की समस्या व आर्थिक तंगी हर समय बनी रहती है जबकि हमारे देश में वन विभाग के पास बहुत बड़ी मात्रा में करोड़ों एकड़ भूमि ऐसी है जिसमें मात्र या तो कटीले पेड़ गिने-चुने स्थानों पर लगाये गये हैं या यह वन विभाग के नाम पर खाली पड़ी है जिसका जनहित में कोई उपयोग नहीं होता। इसी तरह रेलवे लाइन के किनारे-किनारे भी पूरे देश में लाखों एकड़ भूमि पड़ी है जिसमें अच्छी खासी फसल पैदा की जा सकती है। यदि उक्त भूमि का आवंटन खेती करने के लिए भूमिहीनों व खेतिहर मज़दूरों को फसल बोने के लिए आवंटित कर दिया जाए तो करोड़ों भूमिहीनों व खेतिहर मज़दूरों की जिन्दगी संवर सकती है और उक्त बेकार पड़ी भूमि का सही उपयोग भी हो सकता है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि रेलवे विभाग व वन विभाग में खाली पड़ी भूमि को भूमिहीनों व खेतिहर मज़दूरों को फसल बोने हेतु आवंटित किया जाए।